## मॉडल टेस्ट पेपर 2023-2024

## कक्षा -10

## विषय-हिंदी

## भाग-क

**प्रश्न-1.निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में सही विकल्प चुनें ।** **4 x1=4**

(I) (i) ' परमाणु ' में संधि विच्छेद कीजिए -

(क ) परमा+णु (ख) परम+आणु (ग) परम+अणु (घ) परमा+अणु

(ii) ' रसभरी ' समस्त पद (समास) का सही समास विग्रह चुनें

(क ) रस से भरी (ख) रस की भरी (ग) रस में भरी (घ) रस द्वारा भरी

(iii) ' मित्र ' शब्द की सही भाववाचक संज्ञा चुनें

(क ) मित्र्ता (ख) मित्रता (ग) मिर्त्रता (घ) मितरता

(iv) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द ' नदी ' का पर्यायवाची है -

(क ) कनक (ख) समीर (ग) सरिता (घ) शारदा

**(II) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में सही विकल्प को चुनें** **4 x1=4**

(i) कविता भाग 'दोहावली' के अनुसार संत किस की भाँति नीर क्षीर विवेक करते हैं?

(क) हंस की भाँति (ख) श्री राम की भाँति

(ग) हनुमान की भाँति (घ) लक्ष्मण की भाँति

(ii) कविता 'हम राज्य लिए मरते हैं ' में दुनिया का अन्नदाता कौन है?

(क) किसान (ख) नेता लोग (ग) धनी लोग (घ) सिपाही

(iii) महेश कितने साल का था ? 'नर्स' कहानी के आधार पर उत्तर दें।

( क) पाँच ( ख) छह ( ग) सात ( घ) आठ

(iv) 'माँ का कमरा ' कहानी के अनुसार बुज़ुर्ग बसंती को किसका पत्र मिला ?

( क) बेटी का ( ख) बेटे का ( ग) सास का ( घ) रेशमा का

**(III)निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **4 x1=4**

हँसमुख प्रसून सिखलाते
पलभर है जो हँस पाओ,
अपने उर की सौरभ से
जग का आँगन भर जाओ।

1.फूल खिलकर हमें क्या सिखाते हैं ?

( क) रोना ( ख) नीरस हृदय बनाना ( ग) आँगन ( घ) सदा मुस्कराना

2.किससे हमें खुश रहने का सन्देश मिलता है?

( क) हँसते हुए चेहरे से ( ख) उर से ( ग ) आँगन से ( घ ) फूल से

3.'सौरभ ' का क्या अर्थ है ?

( क) धार ( ख) सागर ( ग) सुगन्ध ( घ) गौरव

4. 'प्रसून' का क्या अर्थ है ?

( क) मुरझाया फूल ( ख) फूल ( ग ) प्रसाद ( घ) मज़दूर

**(IV) निम्नलिखित मुहावरे/लोकोक्तियों के बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **3x1=3**

(i) ईंट का जवाब पत्थर से देना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ? सही विकल्प चुनें-

(क) मुँह तोड़ जवाब देना/कठोर के साथ कठोरता का व्यवहार करना (ख) ईंट और पत्थर मारना
(ग) ईंट मारना (घ) ईंट मारने वाले को पत्थर से मारना

(ii) 'कलेजे का टुकड़ा ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?
(क) कलेजे का छोटा टुकड़ा (ख) कलेजे का बड़ा टुकड़ा
(ग) बहुत प्रिय होना (घ) बहुत बुरा लगना

(iii) 'आसमान से गिरा खजूर में अटका ' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ? सही विकल्प चुनें-
(क) आसमान से गिरकर खजूर में अटक जाना ।
(ख) आसमान से गिरकर खजूर गटक जाना ।
(ग) एक संकट से छूटकर दूसरे संकट से अकल का प्रयोग करके बचकर निकल जाना ।
(घ) एक संकट से छूटकर दूसरे संकट में फँस जाना ।

**(V) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 5 x1=5**

गुरु नानक देव जी एक साधारण व्यक्ति नहीं थे। वे एक अवतार पुरुष और समाज सुधारक थे। वे एकता, समानता, प्रेम, सत्य और शांति के प्रतीक थे। वे उस समय पैदा हुए, जब ऊँची जाति के लोग निम्न जाति के लोगों को हेय दृष्टि से देखते थे। लोग भ्रमों और झूठे रीति-रिवाज़ों में आस्था रखते थे। वे भगवान को भूल चुके थे। उन्होंने उन्हें सच्चा मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि सच्चा धर्म और पूजा मानवता से प्रेम करना है। यह हमें आपस में मिलाता है, न कि अलग करता है। एक बार किसी ने उनसे पूछा कि हिंदू बड़े हैं या मुसलमान। तब गुरु जी ने जवाब दिया कि बिना नेक काम के दोनों ही अच्छे नहीं हैं।

(क) गुरु नानक देव जी किसके प्रतीक थे?
(ख) उन्होंने लोगों को कौन-सा मार्ग दिखाया?
(ग) गुरु जी के अनुसार सच्चा धर्म व सच्ची पूजा क्या है?
(घ) 'आस्था' शब्द का अर्थ लिखिए।
(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

**(VI) निर्देशानुसार उत्तर दें - 6 x1=6**

(i) नीचे दिए गए कथन के सही होने पर 'हाँ' और गलत होने पर 'नहीं' में उत्तर दें।
'दिन ' शब्द का विशेषण 'दैनिक ' होता है। 'हाँ' अथवा 'नहीं'

(ii) दी गई कोष्ठक ( ) में कथन के सही होने पर सही का चिह्न (✔) और गलत होने पर गलत का चिह्न (✖) लगाकर उत्तर दें। समरूपी भिन्नार्थक शब्द 'अनिल-अनल ' में 'अनिल' का अर्थ 'आग' और 'अनल ' का अर्थ 'वायु ' होता है। ( )

(iii) 'आलोचना करने वाला' अनेक शब्दों के लिए का एक शब्द ..............होगा। रिक्त स्थान भरें।

(iv) 'शांति' शब्द का विलोम (विपरीत) शब्द....................होगा। रिक्त स्थान भरें।

(v) दिए गए विकल्पों में से 'कल ' शब्द के अनेकार्थी (अनेकार्थक) शब्द का सही विकल्प के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए।

कल (क) आगामी/बीता हुआ दिन
(ख) हाथ
(ग) बादल

(vi) 'लड़का ने पत्र लिखा।' यह वाक्य का शुद्ध रूप है। कथन के सही होने पर 'हाँ' और गलत होने पर 'नहीं' में उत्तर दें।

**(VII) निर्देशानुसार उत्तर दें -** **4 x1=4**

(i) 'राजा ने राज्य में भ्रष्टाचार फैलने की बात अपनी पत्नी से पूछी।' इस कथन के सही होने पर 'हाँ' और गलत होने पर 'नहीं' में 'सदाचार का तावीज़ ' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(ii) 'गुरु नानक देव जी की माता का नाम तृप्ता देवी था।' सही होने पर 'हाँ' और गलत होने पर 'नहीं' में 'श्री गुरु नानक देव जी ' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(iii) दी गई कोष्ठक (    ) में कथन के सही होने पर सही का चिह्न (✔) और गलत होने पर गलत का चिह्न (✖) लगाकर उत्तर दें ।

'सूखी डाली' एकांकी में बेला का मायका लाहौर शहर में था ।         (    )

(iv) 'देश के दुश्मन ' एकांकी में सुमित्रा के पुत्र का नाम -------------------- था । रिक्त स्थान भरें।

## भाग-ख

**प्रश्न- 2 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दें-3x2=6**

(i) बसंती की आँखों में आँसू क्यों आ गए ? 'माँ का कमरा' लघुकथा के आधार पर उत्तर दें।

(ii) 'अहसास ' लघुकथा का उद्देश्य क्या है ?

(iii) विश्वासपात्र मित्र को खज़ाना, औषध और माता क्यों कहा गया है? 'मित्रता' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(iv) हम अपने देश के सौन्दर्य बोध को कैसे चोट पहुँचाते हैं ? 'मैं और मेरा देश ' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(v) दादा जी कर्मचंद की किस बात से चिंतित हो उठते हैं ? 'सूखी डाली ' एकांकी के आधार पर उत्तर दें।

**प्रश्न- 3 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर छह या सात पंक्तियों में दें- 3 x4=12**

(i) 'दो कलाकार' कहानी के आधार पर अरुणा का चरित्र चित्रण करें।

(ii) 'ममता' कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

(iii) गुरु नानक देव जी ने अपनी यात्राओं के दौरान कहाँ-कहाँ और किन-किन लोगों को क्या उपदेश दिए ? 'श्री गुरु नानक देव' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(iv) 'सदाचार का तावीज़' निबंध में छिपे व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

(v) बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाता, माँजी। ऐसे दिव्य बलिदान पर तो देवता भी अर्घ्य चढ़ाते हैं। वे भी स्वर्ग में जय-जयकार करते हुए देश पर निछावर होने वाले का स्वागत करते हैं। 'देश के दुश्मन ' एकांकी के आधार पर आशय स्पष्ट कीजिए।

## भाग-ग

**प्रश्न- 4 निम्नलिखित गद्यांश का हिंदी में अनुवाद करें -** **4**

ਕੁਦਰਤ ਵਲੋਂ ਸਾਨੂੰ ਵੱਖ-ਵੱਖ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਰਖ਼ਤ,ਹਰਿਆਲੀ,ਠੰਡੀਆਂ ਹਵਾਵਾਂ, ਰੰਗ-ਬਿਰੰਗੇ ਫੁੱਲ,ਅਨੇਕ ਕਿਸਮਾਂ ਦੇ ਫ਼ਲ,ਪਵਿੱਤਰ ਜਲ, ਸੁਹਾਵਣੇ ਜੰਗਲ, ਪਸ਼ੂ-ਪੰਛੀ ਰੂਪੀ ਅਨੋਖੀ ਦੌਲਤ ਮਿਲੀ ਹੈ।

## भाग-घ

**प्रश्न- 5** आपका नाम रवि शंकर है। आप मकान नम्बर 456,सेक्टर-15 गुड़गाँव में रहते हैं। आपका मोबाइल नम्बर 467545 है। आपका हिसार ( हरियाणा) में 'प्रेम नगर' में 10 मरले का प्लॉट है। आप इसे बेचना चाहते हैं। 'प्लॉट बिकाऊ है' शीर्षक के अंतर्गत विज्ञापन का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

**अथवा**

सरस्वती सीनियर सेकंडरी स्कूल, रामनगर के प्रिंसिपल की ओर से एक सूचना तैयार करें, जिसमें वर्दी न पहनकर स्कूल आने वाले विद्यार्थियों पर अनुशासनिक कार्यवाही के लिए कहा गया हो। 4

## भाग-ङ

**प्रश्न-6.** आपका नाम सुधीर कुमार है। आप कल्याण पब्लिक स्कूल, चंडीगढ़ में दसवीं-सी कक्षा में पढ़ते हैं। आपका रोल नम्बर 09 है। अपने स्कूल के मुख्याध्यापक को एक आवेदन पत्र लिखिए जिसमें बड़ी बहन के विवाह में शामिल होने के लिए चार दिन का समय माँगा गया हो ।

**अथवा**

आपका नाम विनीता शर्मा है। आप मकान नंबर 45,सेक्टर-8,रोपड़ में रहते हैं। 'रोज़ाना भारत' पंजाब के समाचार पत्र के मुख्य संपादक के नाम 'बालश्रम: एक अपराध' विषय पर एक पत्र लिखिए। 7

**प्रश्न-7. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 7**

(क) मेरे जीवन का लक्ष्य (ख) गाँव का खेल मेला (ग) प्रकृति का वरदान : पेड़ पौधे

## भाग-च

**प्रश्न-8.** मान लीजिए आपका नाम पूनम कुमारी है। आपका राजधानी बैंक, शाखा-रायपुर में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 344413057 है। आपको अपने इस खाते में से 6500/- रुपये निकलवाने हैं । इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें - **5**

राजधानी बैंक, शाखा-रायपुर

बचत बैंक आहरण प्रपत्र

बचत खाताधारक का नाम ---------------------------------------------------------------------------

खाता नम्बर: ----------------------------------------------------------------------------------

कृपया मुझे -------------------------------रुपये (अंकों में ) ----------------------------------रु (शब्दों में) अदा करें।

खाताधारक के हस्ताक्षर.....................................

**अथवा**

मान लें कि आपका नाम धनंजय पुरी है। आपका 'शान्ति बैंक' , शाखा पुणे में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 242563677190 है । आपको अपने इस खाते में 18000/-रुपए जमा करवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें –

'शान्ति बैंक' , शाखा पुणे

बैंक में रुपए जमा करवाने के लिए प्रपत्र

जमा बचत खाता नम्बर ---------------------------------जो कि ----------------------------------------------

के नाम से है, में रुपए -----------------(अंकों में)- -------------------------------(रुपए शब्दों में)जमा करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर-------------------------------

**प्रश्न-9. सुंदर लिखाई** **5**